प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर हासिल कर भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ–व्यवस्थाओं में शामिल।
2. देश कल मनाएगा अपना 78वां स्वाधीनता दिवस : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्र को करेंग संबोधित।
3. प्रदेश भर में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में मौन जुलूस में और श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल।

और

4. हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में निकाली जा रही हैं तिरंगा यात्राएं : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के मुख्य भवन पर फहराया तिरंगा।

————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना – चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस–पास हो – हमारे

हृदय को उत्साह से भर देता है। जिस तरह हम अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहार मनाते हैं, उसी तरह हम अपने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को भी अपने उस परिवार के साथ मनाते हैं जिसके सदस्य हमारे सभी देशवासी हैं। *बाइट........*

राष्ट्रपति ने कहा कि हम अपने संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमारे नव–स्वाधीन राष्ट्र की यात्रा में गंभीर बाधाएं आई हैं। न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों पर दृढ़ रहते हुए, हम इस अभियान के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि भारत, विश्व–पटल पर अपना गौरवशाली स्थान पुनः प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर हासिल करके, भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ–व्यवस्थाओं में शामिल है।

इससे न केवल देशवासियों के हाथों में अधिक पैसा आया है, बल्कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह

सफलता किसानां और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति–निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है।

*बाइट.........*

———————————

देश कल अपना 78वां स्वाधीनता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश भर से लगभग छह हजार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें 24 अलग–अलग श्रेणियों के लोग शामिल हैं, जो राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से आते हैं।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम विधान भवन के सामने आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की आज फुल ड्रेस रिहर्सल हुई, जिसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। इस दौरान परेड की भी रिहर्सल की गई। स्वतंत्रता दिवस पर कल लखनऊ में एक साथ राष्ट्रगान होगा। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर 52 सेकेंड के लिए शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नल रेड हो जाएंगे और एलईडी स्क्रीन पर राष्ट्रगान का प्रसारण होगा। इसके अलावा लखनऊ के थियेटरों में देशभक्ति की

फिल्में निःशुल्क दिखाई जाएंगी। प्रदेश के डीजीपी प्रशान्त कुमार ने राज्य में कड़े सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं।

————————————

आज प्रदेश भर में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर विभाजन का दंश झेलने वाले परिवारों को याद करने के साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में मौन जुलूस में शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। मौन जुलूस में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश आज इतिहास के काले अध्यायों का स्मरण कर रहा है। इतिहास केवल अध्ययन का विषय नहीं होता है बल्कि वह गलतियों के परिमार्जन और गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा ग्रहण करने का संकल्प होता है। मुख्यमंत्री ने इतिहास के इन काले अध्याय से पर्दा उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र प्रथम की भावना हमारे जीवन का संकल्प बन जाएगी, तो भारत जल्द ही दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बन जाएगा। बाइट.....

*शताब्दी महोत्सव 1947 में जब भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं उस समय एक ऐसा भारत जो विकसित भारत होगा, शक्तिशाली भारत होगा, सशक्त भारत होगा, उस सशक्त भारत के निर्माण के लिये प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिन पंच प्रणव की बात की। इन पंच प्रणव में से महत्वपूर्ण प्रणव है और वह है नागरिक कर्तव्य। अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ उसे कार्य करना होगा। राष्ट्र प्रथम का ये भाव जब हमारे जीवन का संकल्प बनेगा वो भारत के अंदर भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने में कोई देर नहीं लगने वाली है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

और अब वक्त है एक ब्रेक का

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। वहीं लोग अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इसी

क्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन के मुख्य भवन पर तिरंगा फहराया और सलामी ली। मथुरा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुशीनगर में पुलिस कर्मियों, पीलीभीत में सशस्त्र सीमा बल के जवानों, जौनपुर में जिलाधिकारी की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। हरदोई में तिरंगा कार और मोटरसाइकिल रैली में करीब दस हजार लोगों ने हिस्सा लिया। यह रैली शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। उन्नाव में उप जिलाधिकारी और क्षत्राधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों के साथ तिंरगा यात्रा निकाली गई। अमेठी में जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा रैली को रवाना किया। लखनऊ में भारतीय सेना के सूर्या कमान द्वारा तिरंगा बाइक रैली में राष्ट्रीय गौरव का शानदार प्रदर्शन दिखा। हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्र भक्ति की भावना बढाने के लिए 9 से 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है।

———————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने लखनऊ में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा पर आज तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर

श्री सिंह ने कहा कि आज दुनिया बांग्लादेश की स्थिति देख रही लेकिन 1947 का भारत विभाजन सबसे बड़ी विभीषिका थी अंग्रेजों ने साज़िश के तहत देश का बंटवारा किया लेकिन आज देश तेज़ी से प्रगति कर रहा देश मे विकासशील नहीं विकसित भारत की सोच वाली सरकार है।

(समाप्त)